nt>

Title: Need for construction of overbridges at Dhamangaon, Sindhi and Chandur railway stations in Wardha Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री सुरेश वाघमारे (वर्धा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा, महाराट्र के अंतर्गत हिंगणघाट, पुलगांव रेलवे धामनगांव रेलवे स्टेशन, सिन्धी रेलवे स्टेशन एवं चांदूर रेल वे स्टेशन आते हैं। ये रेलवे स्टेशन हाईवे पर स्थित हैं। इन स्टेशनों पर रेल गाड़ियों का आवागमन अधिक होने के कारण सड़क मार्ग घंटों बंद रहता है और सेवा ग्राम तथा सावंगीरमेघे में मेडिकल कालेज होने के कारण देश के अनेक राज्यों से गंभीर रोगी एम्बुलेंस में आते हैं, लेकिन रेल गाड़ियों के आवागमन से सड़क मार्ग बंद होने के कारण अनेक दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यहां के आम नागरिकों को भी सड़क मार्ग बंद होने से काफी असुविधा होती है और अपने निश्चित स्थान पर पहुंचने में काफी समय लग जाता है। इस रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनवाने हेतु क्षेत्र की जनता द्वारा अनेक बार प्रदर्शन एवं धरने दिए गए, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

अतः **मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूं कि जनहित की मांग को ध्यान में रखते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र के धामनगांव रेलवे स्टेशन, सिन्धी रेलवे स्टेशन एवं चांदूर रेलवे स्टेशन पर अविलम्ब ओवर ब्रिज बनाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने का कट करें।**